फार्मर फर्स्ट परियोजना, वी.यू. के द्वारा पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 19 जुलाई 2019 को ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के अंतर्गत फार्मर फर्स्ट परियोजना के उद्धेश्यों के अनुरूप पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन अंगीकृत ग्राम कैलवास में डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, एवं डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस शिविर में 58 गायों, 3 भैंसों, 1 बकरी व 1 कुत्ते का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें पशुओं में घाव, थनैला रोग, लगड़ापन, गर्भ परीक्षण, मादा पशुओं का गर्मी में न आना तथा भूख की कमी आदि पशु रोगों का निदान करते हुये, कुल 63 पशुओं को उपचारित किया गया। इस कार्यक्रम के पूर्व विगत दिवस पशु चिकित्सा विभाग के सौजन्य से 280 पशुओं में गलघोंटू रोग का टीकाकरण भी किया जा चुका है, जिसमें परियोजना के क्षेत्र सहायकों की सहभागिता रही। इस अवसर पर पशुओं के स्वास्थ्य व दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु खनिज लवण का निःशुल्क वितरण किया गया, साथ ही पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार पोषण एवं पशु रोगों की रोकथाम संबंधी साहित्य सामग्रीयों का भी वितरण किया गया। पशु चिकित्सों विशेषज्ञों द्वारा पशुओं से संबंधित समस्याओं का तकनीकी जानकारियों द्वारा निदान किया गया।

इस पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर में डॉ. ए.के. गौर, प्रमुख अन्वेषक, (पशु उत्पादन एवं प्रबंध विभाग) डॉ. अंकुर खरे, (पशु पोषण विभाग) उपप्रमुख अन्वेषक, फार्मर फर्स्ट परियोजना, डॉ. नितिन बजाज, (मादा पशु प्रजनन विभाग) व डॉ. अर्पणा रैकवार (पशु औषधि विभाग) डॉ. रश्मि विश्वकर्मा, डॉ. आशीष लखेरा, पशु चिकि.सहा.शल्यज्ञ, सगड़ा, श्री पुन्नूलाल बर्मन (सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी) श्री विजय चौकसे व श्री आशीष यादव, क्षेत्र सहायक एवं महाविद्यालय के बी.व्ही.एस.सी. एंड ए.एच. अंतिम वर्ष के अध्ययनरत् 12 छात्र–छात्राओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन किया।

इस पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर में श्री घनश्याम बर्मन, सरपंच, ग्राम पंचायत, कैलवास, पशुपालकों एवं श्री राजा सोनी आदि का सहयोग तथा उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर